

राहुल गांधी के... 03

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

नई सोच, नई पहल

# जगमार्ग




www.jagmarg.com | वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, रोहिणी नक्षत्र, चंद्रमा वृष राशि में, विक्रमी सम्वत 2081 | हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, चंडीगढ़ और दिल्ली से प्रसारित | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 3 रुपए | वर्ष:12 | अंक: 86 | कुरुक्षेत्र। शुक्रवार, 10 मई, 2024







# नायब सैनी सरकार पर संकट बढ़ा कांग्रेस ने राज्यपाल से मांगा समय

## इनेलो और जजपा ने राज्यपाल को पत्र लिख की फ्लोर टेस्ट की मांग

जगमार्ग ब्यूरो

**चंडीगढ़।** भाजपा की नायब सैनी सरकार से तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने से संकट बढ़ गया है। अल्पमत में आई नायब सरकार को विपक्ष ने घेरना शुरू कर दिया है। सिसायी संकट के बीच वीरवार को तीनों विपक्षी दल कांग्रेस, जजपा और इनेलो ने राज्यपाल को पत्र लिखते हुए एक सुर में सरकार को अल्पमत में करार देते हुए नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री नायब सैनी से इस्तीफा मांगा है।

कांग्रेस पार्टी ने राज्यपाल से 10 मई को मिलने का समय मांगा है। साथ ही नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सभी विधायकों की परेड के लिए तैयार है, जजपा भी अपने अपने 10 विधायकों को लाए। जेजेपी नेता और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने राज्यपाल से फ्लोर टेस्ट कराने की मांग की है, साथ ही भाजपा पर हॉर्स ट्रेडिंग के भी आरोप लगाए हैं। वहीं, इनेलो के अकेले विधायक अभय सिंह चौटाला ने बहुमत साबित कराने के लिए सत्र बुलाने की अपील की है। बता दें कि पूंडरी से निर्दलीय विधायक रणधीर गोलन, नीलोखेड़ी से धर्मपाल गोंदर



और चरखी दादरी से विधायक सोमवीर सांगवान राज्यपाल को समर्थन वापसी का पत्र सौंप चुके हैं और अब कांग्रेस को बाहर से समर्थन कर रहे हैं। इसके बाद से भाजपा के पास 45 में से 43 विधायकों का समर्थन रह गया है, जबकि कानूनी तौर पर कुल 88 विधायकों में से बहुमत के लिए 45 विधायकों का समर्थन जरूरी है। सभी राजनीतिक दल इसी गुणा भाग में लगे हुए हैं और सरकार को अल्पमत करार देकर घेर रहे हैं। वहीं, पूर्व सीएम मनोहर लाल से जजपा कोटे से टोहाना विधायक देवेंद्र बबली, बरवाला विधायक जोगीराम सिहाग और नरवाना विधायक रामनिवास सुरजाखेजा ने मुलाकात की। संबंधित खबर पेज-10 पर

### कांग्रेस सभी विधायकों की परेड के लिए तैयार: हुड्डा

हरियाणा कांग्रेस ने राज्यपाल को पत्र लिखकर मिलने के लिए समय मांगा है। विधायक दल के उप नेता आफताब अहमद और चीफ व्हीप बीबी बतरा के नेतृत्व में कांग्रेस के विधायक मिलेंगे। नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कहना है कि कांग्रेस अपने सभी विधायकों की राज्यपाल के सामने परेड करवाने के लिए तैयार है, जेजेपी भी अपने दस विधायकों को परेड के लिए राज्यपाल सामने लाए।



### राज्यपाल से फ्लोर टेस्ट की मांग की: दुष्यंत



दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भाजपा को सपोर्ट करने वाले 1 भाजपा और एक निर्दलीय ने इस्तीफा दे दिया। 3 निर्दलीय विधायकों ने समर्थन वापस ले लिया है। जजपा ने खुलकर कहा है कि अगर सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आता है तो हम उसका समर्थन करेंगे। इसके लिए जजपा ने राज्यपाल को लिखित तौर पर भेजा है, जिसमें फ्लोर टेस्ट की मांग की गई है। हमने राज्यपाल को भेजी चिट्ठी में कहा है कि भाजपा को 45 विधायकों का समर्थन चाहिए।

### बहुमत खो चुकी है सरकार: अभय चौटाला

इनेलो के प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय चौटाला ने राज्यपाल को पत्र लिख कर कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने विधानसभा में अपना बहुमत खो दिया है, भाजपा सरकार को तुरंत बहुमत साबित करने के लिए विधानसभा का सत्र बुलाया जाए।



# मोदी ने 10 साल में अडाणी को कई परियोजनाएं दीं, हम 30 लाख रिक्तियों को भरेंगे: राहुल



### मोदी के हाथों से फिसलता जा रहा है लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव धीरे-धीरे प्रधानमंत्री राहुल गांधी के हाथ से फिसलता जा रहा है और अब वह देश के युवाओं को ध्यान भटकाने के लिये कुछ नया नाटक करने की कोशिश करेंगे। एक वीडियो संदेश में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने युवाओं से प्रधानमंत्री के प्रचार से विचलित न होने का आग्रह किया। युवाओं को देश की ताकत बताते हुए गांधी ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव मोदी के हाथ से फिसल रहा है और वह अब प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा, चुनाव उनके हाथ से निकलता जा रहा है।

एजेंसी

**हैदराबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वीरवार को आरोप लगाया कि पिछले 10 वर्षों के दौरान बंदरगाहों, हवाई अड्डों और रक्षा अनुबंधों जैसी कई बुनियादी ढांचा परियोजनाएं अडाणी को दे दी गईं। इसके साथ ही उन्होंने वादा किया कि यदि केंद्र में 'इंडिया' गठबंधन की सरकार आई तो 15 अगस्त तक 30 लाख रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। वायनाड से सांसद गांधी ने तेलंगाना में एक चुनावी रैली में यह बात कही। इससे एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि चुनाव की घोषणा के बाद राहुल गांधी अपने भाषणों में अब अडाणी-अंबानी का नाम क्यों नहीं ले रहे। मोदी पर निशाना साधते हुए गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने पूरे देश में सिर्फ 20-22 लोगों के लिए काम किया।

# आंध्र प्रदेश की 'भ्रष्ट' वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार अतीत की बात हो जाएगी: मोदी

➪ कहा, जनता 'भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और माफिया राज' से उब चुकी

एजेंसी

**विजयवाड़ा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि आंध्र प्रदेश की वाईएसआर कांग्रेस पार्टी की सरकार चार जून के बाद अतीत की बात हो जाएगी क्योंकि जनता उसके 'भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और माफिया राज' से उब चुकी है। मोदी ने यहां रोड शो करने के बाद यह कही।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कांग्रेस की संस्कृति के साथ मजबूत संबंध के कारण वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने केवल भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और माफिया राज को बढ़ावा दिया है। आंध्र प्रदेश वाईएसआर कांग्रेस पार्टी से पूरी तरह तंग आ चुका है। चार जून को यह सरकार अतीत की बात हो जाएगी।'



प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल ही में दक्षिणी राज्य में यात्रा करने के बाद, उन्हें विश्वास हो गया कि लोग बड़ी संख्या में तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनसेना के गठजोड़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के पक्ष में मतदान कर रहे हैं। उन्होंने रोड शो को यादगार बताते हुए कहा कि महिलाएं और युवा मतदाता समर्थन की इस लहर को बढ़ा रहे हैं।

हड़ताल वापस

## एअर इंडिया एक्सप्रेस ने रद्द कीं 85 उड़ानें



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया एक्सप्रेस ने चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण वीरवार को 85 उड़ान रद्द कर दीं और कहा कि व्यवधान को कम करने के लिए एअर इंडिया हमारे 20 मार्गों पर सेवाएं संचालित करेगी। सूत्रों ने बताया कि एक अहम फैसले में एअर इंडिया ने चालक दल के कम से कम 25 उन सदस्यों को बर्खास्त करने संबंधी पत्र जारी किए हैं जिन्होंने एअरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में मंगलवार रात से बीमार होने की सूचना देनी प्रारंभ की। चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण मंगलवार रात से 100 से अधिक उड़ानें रद्द की जा चुकी हैं। एअरलाइन ने प्रत्यक्ष तौर पर बर्खास्तगी पत्र के बारे में कुछ नहीं बताया। वहीं, शाम को एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के सदस्यों के एक वर्ग ने हड़ताल वापस लेने और काम पर लौटने का निर्णय किया है।

चारधाम यात्रा शुरू

## आज खुलेंगे केदारनाथ सहित तीन धामों के कपाट



**देहरादून।** उत्तराखंड के उच्च गढ़वाल क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धामों के कपाट शीतकाल के दौरान छह माह बंद रहने के बाद शुक्रवार को अक्षय तृतीया के पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे और इसके साथ ही इस साल की चारधाम यात्रा का आरंभ हो जाएगा। मंदिर समितियों ने बताया कि केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट सुबह सात बजे खुलेंगे जबकि गंगोत्री के कपाट दोपहर बाद 12 बजकर 20 मिनट पर खुलेंगे। उनके अनुसार चारधाम के नाम से प्रसिद्ध धामों में शामिल एक अन्य धाम बदरीनाथ के कपाट 12 मई को सुबह छह बजे खुलेंगे। केदारनाथ मंदिर के कपाटोद्घाटन के लिए मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है।

केजरीवाल की जमानत पर पेच

## ईडी ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष विरोध दर्ज कराया



**नई दिल्ली।** ईडी ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत के मुद्दे पर हलफनामे के जरिये उच्चतम न्यायालय में विरोध दर्ज कराया और कहा कि चुनाव में प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है और न ही संवैधानिक। उच्चतम न्यायालय में दाखिल एक नये हलफनामे में, ईडी ने कहा कि किसी भी नेता को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत नहीं दी गई है, भले ही वह चुनाव नहीं लड़ रहा हो। ईडी ने कहा, ''इस बात को ध्यान में रखना प्रासंगिक है कि चुनाव के लिए प्रचार करने का अधिकार न तो मौलिक अधिकार है, न ही संवैधानिक है।

गिरावट

## निफ्टी 22,000 अंक से नीचे फिसला

# चुनावी अनिश्चितता से सेंसेक्स 1,062 अंक लुढ़का

एजेंसी

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में वीरवार को बड़ी गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स ने 1,062 अंक का गोता लगाया जबकि निफ्टी लुढ़क कर 22,000 अंक के स्तर से नीचे आ गया।

आम चुनाव को लेकर अनिश्चितता के बीच चौतरफा बिकवाली से बाजार में गिरावट आई है। इसके अलावा, विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी पूंजी निकासी और एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो तथा रिलायंस इंडस्ट्रीज में बिकवाली



दबाव से भी बाजार धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 1,062.22 अंक यानी 1.45 अंक लुढ़क कर 72,404.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,132.21 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 345 अंक यानी 1.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 370.1 अंक तक लुढ़क गया था।

### निवेशकों को 7.34 लाख करोड़ का नुकसान

बीएसई सेंसेक्स में वीरवार को तेज गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 7.34 लाख करोड़ रुपये घट गई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 1,062.22 अंक यानी 1.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,404.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,132.21 अंक तक लुढ़क गया था। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार 7,34,513.48 करोड़ रुपये घटकर 3,93,34,896.14 करोड़ रुपये रहा। इससे पहले, दो मई को बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण रिकॉर्ड 4,08,49,767.90 करोड़ रुपये पर पहुंच गया था।

### गीता सार



अध्याय-05

तपों को भोगने वाला, संपूर्ण लोकों के ईश्वरों का भी ईश्वर तथा संपूर्ण भूत प्राणियों का सुहृद अर्थात स्वार्थ रहित दयालु और प्रेमी, ऐसा तत्व से जानकर शांति को प्राप्त होता है।।






### आईपीएल मैच

चेन्नई सुपर किंग्स
गुजरात टाइटंस
शाम 7 .30 से

### एक नजर

#### तमिलनाडु के शिवकाशी में पटाखा कारखाने में विस्फोट, आठ की मौत



**विरुधुनगर (तमिलनाडु)।** शिवकाशी में बृहस्पतिवार को एक पटाखा कारखाने में आग लगने से पांच महिलाओं सहित आठ श्रमिकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस और अग्निशमन सेवा कर्मियों ने घायलों को शिवकाशी के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायलों में एक व्यक्ति की हालत बेहद गंभीर है। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

#### खुली जेल स्थापित करना जेलों में भीड़ कम करने का हो सकता है समाधान



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि खुली जेल स्थापित करना जेलों में भीड़भाड़ कम करने का समाधान हो सकता है और इससे कैदियों के पुनर्वास के मुद्दे का भी समाधान हो सकता है। अर्ध-खुली या खुली जेल प्रणाली के तहत दोषियों को दिन के दौरान परिसर के बाहर आजीविका कमाने और शाम को वापस लौटने की अनुमति होती है। इस अवधारणा को दोषियों को समाज में आत्मसात करने और उनके मनोवैज्ञानिक दबाव को कम करने के लिए लाया गया था।

#### छह नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण, 36 लाख रुपए का था इनाम

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में दो महिलाओं समेत छह नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया है जिनके सिर पर कुल 36 लाख रुपए का इनाम था। पुलिस अधिकारियों ने जानकारी दी। सुकमा जिले के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बृहस्पतिवार को छह दुर्दांत नक्सलियों-दूधी पोज्जा (27), उसकी पत्नी दूधी पोज्जे (24), महिला नक्सली जयक्का उर्फ आयते कोरसा (51), कवासी (30), कारम नारन्ना उर्फ भूमा (65) और रैनु उर्फ मकम सुक्का (35) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण किया।


